हिन्दी सान्ध्य दैनिक    जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–55 : जौनपुर, गुरुवार 20 अक्टूबर 2022    सान्ध्य दैनिक ( संस्करण )    पेज –4    मूल्य : 2 रूपया

## हिंदुस्तान में भरी हुंकार : सबसे ज्यादा युवाओं का देश अब होगा हर प्रकार नशे से मुक्त

लखनऊ( अम्बरीष कुमार सक्सेना) : नशा मुक्त भारत अभियान कौशल का दो वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश भर में सरकारी स्कूल, प्राइवेट स्कूल मिशनरी स्कूलों, कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों के लाखों बच्चों को नशा मुक्त भारत बनाने के अभियान से जोड़ते हुए शपथ दिलाई गई। जैसा की विदित है सांसद व केंद्र सरकार में राज्य मंत्री कौशल किशोर और विधायक जय देवी कौशल के पुत्र आकाश किशोर उर्फ जेबी की मृत्यु 19 अक्टूबर 2020 को नशे की वजह से हुई थीं। देश के अन्य युवकों को असामयिक मृत्यु से बचाने के लिए नशा मुक्त भारत अभियान शुरू किया गया ,इस अभियान को जन जागरूकता से जोड़ते हुए पूरे देश में करोड़ों लोगों ने नशा न करने का तथा हर दिन इस मुहिम को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। इसी के तहत अवधी समाज संस्थान के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन हुआ। नशा मुक्त अभियान की संकल्प टीम से रीना त्रिपाठी ने कॉलेज के हजारों बच्चों को बताया कि नशा क्या होता है और इसको रोकने की जरूरत क्यों है देश के विकास में नशा क्यों बाधक है? नशा मुक्त अभियान चलाने की आवश्यकता क्यों पड़ी? और युवा ही देश के विकास की दूरी है इस मुहिम को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी उनके कंधों में हैं। वही टीम से डॉ प्रियंका मौर्य ने बच्चों को बताया कि नशा करने से उनके शारीरिक विकास व मानसिक विकास में किस प्रकार की रुकावट आती है और किस प्रकार से शरीर के विभिन्न अंग बेकार हो जाते हैं। बचपन से ही नशे से नफरत करना जरूरी है ताकि जब यह पीढ़ी बड़ी हो तो नशे के खरीदार ही ना बचे। टीम से सिद्धार्थ पाण्डेय उर्फ डम्पी ने बच्चों को असमय मौत का शिकार हुए आकाश किशोर की दुखद कहानी सुनाई और इस डर को बच्चों की आंखों में जीवंत किया और कहा की जीवन कितना कीमती है अतः इसे नशे से दूर रखें। गौरव द्विवेदी ने कहा की जो लोग नशा करते हैं उन्हें बहुत ही दृढ़ संकल्पित होना होगा तभी नशे को हमेशा के लिए छोड़ पाएंगे बच्चों को अपने परिवार के सदस्यों को जागरूकता अभियान के तहत रुकना होगा जो कोई भी नशा करते हैं जो कोई भी नशा करते हैं । शिक्षिका रंजना श्रीवास्तव ने विद्यालय में जागरूकता अभियान के तहत निबंध लेखन पेंटिंग स्लोगन मेकिंग इत्यादि प्रतियोगिताएं कराने का आश्वासन दिया। ताकि बच्चे नशा मुक्त अभियान में अपनी सक्रिय प्रतिभागी ता निभा सके। नशा मुक्ति अभियान की टीम ने अपने उद्देश्य को बताते हुए कहा कि यदि युवा खरीदारों की श्रृंखला तोड़ दी जाएगी तो निश्चित रूप से एक दिन नशे के खरीदार ही नहीं रहेंगे तो उसके व्यापार को भारी चोट आएगी और दुकानें बंद हो जाएंगे, नशे का डर लोगों में तेजी से नशे के खिलाफ पैदा हो रहा है जिसके कारण नशामुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का " हिंदुस्तानियों नशा छोड़ों" मुहिम में तेजी से सभी वर्ग के लोग जुड़ रहे हैं। नशा मुक्त नशा मुक्त अभियान में कॉलेज के प्रिंसिपल राकेश चत्री, कॉलेज की हेडमिस्ट्रेस सार्मिन रेणुका क्राफ्टेन होम ,डॉक्टर धर्मेश श्रीवास्तव, सिद्धार्थ पांडे, रंजना श्रीवास्तव, डॉ प्रियंका मौर्य, रीना त्रिपाठी, गौरव द्विवेदी ,अभिषेक कुमार ,आदर्श सिंह ,हर्षित कुमार, अमित अवस्थी ,एल्विन तथा सिराज ने टीम के तहत तथा कॉलेज के हजारों बच्चों ने प्रतिभाग किया।

## जनपद में बाढ अतिवृष्टि की आपदा से निपटने हेतु बचाव व राहत कार्य की समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू. वि. : प्रमुख सचिव, प्रशासनिक सुधार विभाग एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के रविंद्र नायक जी के द्वारा देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार जनपद में बाढ/अतिवृष्टि की आपदा से निपटने हेतु बचाव व राहत कार्य की समीक्षा की। प्रमुख सचिव को जनपद में अतिवृष्टि से हुई हानियों के संबंध में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश द्वारा विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। जिला कृषि अधिकारी के0के0 सिंह एवं जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव ने बताया कि जनपद में अतिवृष्टि से फसलों एवं पेडोध की हानि नहीं हुई है। पशु पालन विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेश सिंह द्वारा बताया गया कि शुरुआत में हरे चारे की समस्या थी लेकिन बारिश के उपरांत कोई समस्या नहीं हुई और न ही कोई पशु हानि हुई। उन्होंने बताया कि जनपद में अभी लंपी स्किन रोग के कोई केस नहीं आए हैं। खुरपका, मुहपका रोग एवं टीकाकरण के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। प्रमुख सचिव के द्वारा जनपद में जलजमाव एवं जल जनित रोगों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिन मोहल्लों एवं गांव में बुखार के केस अधिक आ रहे हैं उनकी मॉनिटरीगं की जाए और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह को निर्देशित किया कि बुखार के मरीजों की सूची खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी तक पहुंचाना सुनिश्चित करें ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके। प्रमुख सचिव ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पतालों में बुखार से संबंधित दवा एवं बेड एवं प्लेटलेट की उपलब्धाता कराना सुनिश्चित करें जिससे कि लोगों को भटकना न पड़े। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि ब्लड बैंक में दलालों की सक्रियता खत्म कराएं। यदि किसी की संलिप्तता पाई जाती है तो मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि झाड़ियों की वृहद स्तर पर कटाई कराना सुनिश्चित करें। प्रमुख सचिव के द्वारा के द्वारा सभी ईओ से अब तक उपयोग किए गए मेलाथियान व अन्य सामग्री की जानकारी ली औश्र सभासदों से फोन पर पूछा कि नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के द्वारा फॉगिंग कराया जा रहा है कि नहीं। उन्हाने सभी ईओ को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि नालियों में पानी सड़ने न पाए। प्रमुख सचिव ने जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय को निर्देशित किया कि सिनेमाघरों में डेंगू से बचाव के संबंध में वीडियो क्लिप के माध्यम से प्रचार–प्रसार कराया जाना एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कराना सुनिश्चित करें। प्रमुख सचिव ने सीआरओ रजनीश राय को निर्देशित किया कि नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के द्वारा डेंगू के संबंध में बृहद प्रचार–प्रसार कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी बी.बी सिंह, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## भोजपुरी सिने स्टार खेसारी लाल पर मुकदमे की मांग : सीएम पोर्टल पर शिकायत

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : भोजपुरी सिने स्टार खेसारी लाल यादव विवादों में फंस गये हैं। सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो चल रहा है जिसमें फिल्म की शूटिंग की दौरान वह पिपराईच स्थित भगवान मोटेश्वरनाथ मंदिर के गेट पर जूता पहन कर लात मार रहे हैं। इस सीन से क्षेत्र के लोगों में व्यापक गुस्सा व्याप्त है। इस बीच, क्षेत्र के मूल निवासी वेद प्रकाश पाठक ने मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाते हुए खेसारी लाल समेत इस कृत्य के सभी संरक्षकों और सहयोगियों पर मुकदमे की मांग की है। श्री पाठक ने सोशल मीडिया का हवाला देते हुए अपने शिकायत पत्र में लिखा है, "सोशल मीडिया फेसबुक पर मैंने भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव जी का एक वीडियो देखा है जिसमें वह हमारी आस्था के केंद्र भगवान मोटेश्वरनाथ मंदिर के गेट को जूते पहने हुये पैर से धक्का मार कर खोल रहे हें। इस सीन की शूटिंग किसी और गेट पर भी की जा सकती थी लेकिन इसके लिए हमारे आराध्य का अपमान किया गया जो धार्मिक भावना को आहत करने वाला कृत्य है। अतः आपसे निवेदन है कि सिने स्टार समेत उन सभी लोगों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जाए जिनके सहयोग और संरक्षण से यह कृत्य संभव हुआ।" घटना के प्रति लोग सोशल मीडिया पर आक्रोश जाहिर कर रहे हैं।

## सवर्ण महासंघ फाउण्डेशन ने किया 'सवर्ण जोड़ो ऐप' का लोकार्पण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सवर्ण महासंघ फाउण्डेशन द्वारा 'सवर्ण जोड़ो ऐप' का लोकार्पण राष्ट्रीय प्रमुख संरक्षक कैप्टन एस० के० द्विवेदी सेवानिवृत्त आई० ए० एस० भीमा–पीफ), राजेश अग्रवाल विशिष्ट अतिथि (वन संस्थान एवं यू० एस० राणा राष्ट्रीय अध्यक्ष (आजाद मंच भारत) के कर कमलों द्वारा लखनऊ में किया गया, जिसमें सवर्ण परिवार अपनी समस्याओं को भेजेगा और सवर्ण महासंघ फाउण्डेशन द्वारा इसका निदान किया जायेगा। आज यह भी घोषणा किया गया कि सवर्ण महासंघ फाउण्डेशन अपने स्थापना दिवस दिनांक 11/12/2022 को सवर्ण शिक्षा ऐप का भी लोकार्पण करेगा। जिसमें सवर्ण बच्चों को 9जी, 10जी, 12जी, IIT.. U.P.S.C., की निःशुल्क कोचिंग दी जायेगी। यह 'सवर्ण जोड़ो ऐप स्व० राजीव गोस्वामी जी को समर्पित किया जायेगा इस सवर्ण योद्धा ने आरक्षण के विरोध में अपने जीवन की आहुति देकर मण्डल कमीशन के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। साथ ही प्रेस वार्ता में संस्थापक गजेन्द्र मणि त्रिपाठी ने सवर्ण आयोग की मांग करते हुये यह कहा कि सभी वर्गों के आयोग सरकार द्वारा बनाये गये है इसलिए सरकार को यथाशीघ्र सवर्ण आयोग बनाना चाहिए। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि संगठन सवर्ण समाज के आर्थिक उत्थान के लिए सवर्ण उद्योग, सवर्ण विकास निधि तथा सवर्ण ई–मार्केट प्लस को स्थापित कर रहा है। सरकार जातीय आरक्षण और एस.सी. / एस.टी. एक्ट को खत्म



करें, नही तो सवर्ण महासंघ फाउण्डेशन द्वारा पूरे देश में आन्दोलन करेगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष (उत्तर प्रदेश) डॉ0 अवनीष पाठक ने कहा कि संगठन को धरातल पर उतारा जा चुका है अब सवर्ण समाज की आवाज हर परिवार तक पहुंचाया जायेगा और सवर्ण जोड़ो ऐप, सवर्ण एजुकेशन ऐप एवं सवर्ण रोजगार ऐप के माध्यम से सवर्ण समाज के हर समस्या का समाधान किया जायेगा। इस वार्ता में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष (उत्तर प्रदेश) अन्ना दूबे, प्रदेश महासचिव (उत्तर प्रदेश) प्रीतम मिश्रा, प्रदेश सचिव (उत्तर प्रदेश) रवि अवस्थी, राजेश अग्निहोत्री रिटायर्ड आई ए सी पी तिवारी एवं प्रदेष एवं जिले के बहुत सारे पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री दुर्घटना योजना में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को दुर्घटना बीमा का लाभ दिया जाए –रविंद्र नायक

जौनपुर सू.वि. : प्रमुख सचिव, प्रशासनिक सुधार विभाग एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के रविंद्र नायक जी ने देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में मा0 राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड के 27 अगस्त 2022 को जनपद में भ्रमण एवं समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री दुर्घटना योजना में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को दुर्घटना बीमा का लाभ दिया जाए। पर्यावरण को समृद्ध करने के लिए पौधारोपण करने के निर्देश दिए और कहा कि पौधरोपण के उपरांत उनकी मॉनिटरिंग की जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं प्रधानमंत्री स्व. निधि में प्रगति बढ़ाने के निर्देश प्रमुख सचिव के द्वारा दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्व. निधि योजना में डिजिटल ट्रांजैक्शन बढ़ाया जाए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के द्वारा बनाई जा रही सड़कों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, जिलाधिकारी ने बताया कि नोडल अधिकारियों के द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है। बैठक में प्रमुख सचिव ने हर घर नल योजना, सीवर ट्रीटमेन्ट प्लांट, पशुपालन विभाग, नई सड़को का निर्माण/चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, खाद्य एवं रसद विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना, मनरेगा/अमृत सरोवर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, आपरेशन कायाकल्प, नगर विकास उद्योग विभाग, आईजीआरएस पर्यटन विकास, अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिया। सीवर ट्रीटमेंट प्लाण्ट की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि अवशेष नालो को जल्द से जल्द टैप करा लिया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी बी.बी सिंह, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नेपाल में भूकम्प के झटके का गोरखपुर में भी दिखा असर

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : नेपाल और बिहार के सीमाई इलाके में बुधवार को भूकम्प के झटके महसूस किए गए। इसका असर गोरखपुर महानगर में तारामंडल इलाके में भी कुछ लोगों ने महसूस किया। वाणिज्य कर कार्यालय भवन में दोपहर बाद 2:40 बजे भगदड़ मच गई। अधिकारी–कर्मचारी कार्यालय भवन से बाहर निकल गए। नेपाल और बिहार के पूर्वी और पश्चिमी चम्पारण में भूकम्प के झटके महसूस किए गए ।इसकी सूचना तेजी से फैल गई। तकरीबन 2:40 बजे तारामंडल क्षेत्र में स्थित वाणिज्य कर कार्यालय भवन से अचानक अधिकारी और कर्मचारी भागते हुए बाहर निकल गए ।आस–पास के भवनों में मौजूद लोगों ने उनके बीच अफरा–तफरी देखी तो वे लोग भी बाहर निकल आए। वाणिज्य कर अधिकारियों–कर्मचारियों का कहना था कि उन लोगों ने कार्यालय में कंपन महसूस की ।आशंका जताई कि भूकम्प का झटका रहा होगा। हालांकि आस–पास के अन्य मकानों में मौजूद लोगों ने ऐसा कुछ महसूस नहीं किया। देर शाम विभिन्न कालोनियों और हाईराइज बिल्डिंग्स के लोगों के बीच व्हाट्सएप ग्रुपों में ऐसे सवाल पूछे जाने लगे कि किसी ने भूकम्प का झटका महसूस किया है। हालांकि ज्यादातर लोगों के जवाब नहीं में ही थे।

## ग्राम पंचायत बेलासपुर के सामुदायिक शौचालय में गंदगी का अंबार


गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : बीमारियों से बचाव को लेकर सरकार द्वारा सामुदायिक शौचालयों का निर्माण ग्राम पंचायत स्तर पर किया गया ।साथ ही लोगों में जागरूकता के लिए पानी की तरह पैसा बहाया गया ।लेकिन भ्रस्टाचार के चलते गवई इलाकों के शौचालय खंडहर बन चुके हैं ।जो उपयोग लायक नहीं हैं। इसी तरह का एक मामला उरूवा बाजार के ग्राम पंचायत बेलासपुर का है ।जहां शौचालय बनाने में 5.10 लाख धन खर्च किया गया और केयर टेकर की नियुक्ति भी कर दी गयी ।लेकिन डेढ़ बर्ष बीतते ही सामुदायिक शौचालय खंडहर में तब्दील हो गया। ग्रामीणों की शिकायत पर जब हमारी टीम मौके पर पहुंची तो शौचालय में गंदगी का अंबार मिला ।साथ ही पुरुष वर्ग के लिए बनाए गए शौचालय की शीट उपयोग लायक नहीं मिला ।वही दूसरी ओर फाटक भी गायब मिले। सामुदायिक शौचालय की केयर टेकर श्रीमती




सरोज देवी ने बताया कि शौचालय ऊपर से खुला है ।ग्रामीणों के बच्चे ऊपर से चढ़कर शौचालय में जाकर तोड़–फोड़ कर देते हैं। उन्होंने बताया कि शौचालय का टुल्लू पम्प व टूटा फाटक मेरे घर सुरक्षित है। इस सम्बंध में एडीओ पंचायत रमेश सिंह से बात करने पर उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान व सिकरेट्री को नोटिस जारी करके आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## तुलसी जन्मभूमि राजापुर सूकर खेत गोंडा को पर्यटन स्थली घोषित कर विकास करने की मांग : मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री तुलसी जन्मभूमि न्यास के द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन में डॉक्टर स्वामी भगवदाचार्य जी महाराज ने बताया कि महोदय आप जानते हैं, और सब लोग इस बात को मानने लगे हैं कि श्रीरामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जन्म भूमि अयोध्या के पास गोंडा जिले के राजापुर सूकर खेत विकासखंड परसपुर तहसील करनैलगंज में हुआ था । निवेदन है कि कुछ लोग यह भ्रम फैलाते रहते हैं कि गोस्वामी जी का जन्म चित्रकूट के पास या किसी स्थान पर हुआ था। इस संबंध में ध्यान देने की बात यह है कि बांदा के गजेटियर में लिखा है कि तुलसी यमुना पार करके आए और इम्पीरियल गजेटियर आफ इंडिया कोलकाता के अनुसार तुलसी ने राजापुर बसाया था । गोस्वामी तुलसीदास का जन्म संवत् 1554 में हुआ था, उस समय बांदा जिला वर्तमान चित्रकूट के पास विक्रमपुर था संवत 1913 में हिंदू पत ने विक्रमपुर का नाम बदलवाकर राजापुर कराया था। जिसका उल्लेख ग्रंथों में बराबर मिलता है। डॉ. महंत गंगा दास श्री वैष्णव जबलपुर ने अपने शोध में उल्लेख किया है। द्विजवंदन का एक कथन है कि 14 जुलाई 1984 को युगधर्म में छपा था, जिससे तुलसी से संबंधित समस्त तथ्य प्रकाश में आ जाते हैं वहां के तुलसीदास ने छप्पय, छन्दावली, कुंडलियां, और कड़खा रामायण की रचना की थी, जो मानसकार गोस्वामी तुलसीदास जी से भिन्न थे आपको विदित हो कि पूर्व के दो मुख्यमंत्री,



विधानसभा अध्यक्ष श्री केसरीनाथ त्रिपाठी, लोकसभा अध्यक्ष श्री बलराम जाखड़ ने राजापुर सूकरखेत गोंडा को गोस्वामी तुलसीदास की जन्मभूमि स्वीकार कर चुके हैं। इसके साथ ही तत्कालीन महामहिम राज्यपाल श्री मोतीलाल बोरा ने राजापुर बांदा के लिए 2000000 रुपए की धनराशि की घोषणा की थी, परंतु वास्तविकता से अवगत होने पर उक्त धनराशि आवंटित करने पर रोक लगा दी थी। अतः आपसे अनुरोध है कि भ्रम फैलाने वालों से प्रभावित न हों क्योंकि इसमें कोई संदेह नहीं है कि गोस्वामी तुलसीदास का जन्म अयोध्या के पास राजापुर सूकरखेत गोंडा में हुआ था । अतएव तुलसी जन्मभूमि राजापुर सूकर खेत गोंडा को पर्यटन स्थली घोषित कर विकास करने की कृपा करें। डॉ.स्वामी भगवदाचार्य अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उक्त जानकारी दी।

## विदुषी को मिला संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

जलालपुर, जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव बाजार निवासिनी बाल गायिका विदुषी वर्मा को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ (संस्कृति विभाग) द्वारा आयोजित



उल्लास उत्सव में संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह लखनऊ में पुरस्कृत किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री सम्मान से अलंकृत मालिनी अवस्थी ने स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया ।विदित हो की प्रादेशिक संगीत प्रतियोगिता में विदुषी वर्मा को ठुमरी गायन में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ था ।विदुषी को हाल ही में काशी आईकॉन अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है ।विदुषी ख्यातिलब्ध शास्त्रीय गायक पंडित देवाशीष दे से संगीत की शिक्षा ग्रहण कर रही हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अच्छा दिल संबंधों को जीत सकता है लेकिन अच्छा स्वभाव उन्हें आजीवन निभा सकता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# रामलला का दर्शन करने वाले एकमात्र पीएम हैं नरेंद्र मोदी : बिना दर्शन लौटे चार प्रधानमंत्री

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अगर देखा जाय तो यूं तो रामनगगरी अयोध्या में देश के पांच प्रधानमंत्रियों का आगमन हुआ ।लेकिन इन प्रधानमंत्रियों में रामलला का दर्शन सिर्फ नरेन्द्र मोदी ने ही किया ।वर्ष 2020 में पांच अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी ने रामजन्मभूमि पर भव्य–दिव्य मंदिर के लिए भूमि पूजन किया था और विरासत के कैनवास पर उस समय श्रद्धाभाव से भरा–पगा ऐसा अद्वितीय चित्र भी बना था, जब पीएम ने रामलला को साष्टांग दंडवत किया था ।वही कुल मिलाकर पीएम मोदी अकेले ऐसे नेता हैं, जो प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए और उससे पहले भी रामलला का दर्शन कर चुके हैं ।जबकि उनके अलावा चार प्रधानमंत्री यहां आ चुके हैं ।इनमें इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, एचडी देवेगौड़ा व अटल बिहारी वाजपेयी के नाम शामिल हैं ।हालांकि, इंदिरा जी के आगमन के समय रामजन्मभूमि पर ताला लगा था। पीएम इंदिरा गांधी तीन बार अयोध्या आईं। अगर देखा जाए तो रामजन्मभूमि पर 22–23 दिसंबर 1949 की मध्य रात्रि रामलला का प्राकट्य हुआ था। हालांकि, रामलला का दर्शन वर्ष 1986 में एक फरवरी के बाद सुलभ हुआ,जब न्यायालय ने रामजन्मभूमि का ताला खोलने का निर्देश दिया ।पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी तीन बार अयोध्या आईं। 1966 में वह सरयू पुल का उद्घाटन करने अयोध्या आईं थीं। इसके बाद 1975 में वह आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय का शिलान्यास करने अयोध्या आईं ।वर्ष 1979 में भी अयोध्या आने पर उन्होंने बजरंगबली का दर्शन–पूजन किया था। राजीव गांधी बतौर प्रधानमंत्री यहां आए थे। नौ नवंबर 1989 को राजीव गांधी के प्रधानमंत्री रहते जन्मभूमि पर रामलला के मंदिर का शिलान्यास हुआ था,लेकिन राजीव गांधी स्वयं अयोध्या नहीं आए थे, बल्कि दिगंबर अखाड़ा के महंत रामचंद्रदास परमहंस, गोरक्षपीठ के महंत रहे अवेद्यनाथ, विहिप के शीर्ष नेता अशोक सिंहल और कामेश्वर चौपाल आदि ने मंदिर का शिलान्यास किया था। वर्ष 1990 में सद्‌भावना यात्रा में उनका आना हुआ था, लेकिन रामलला का दर्शन–पूजन नहीं किया था। पीएम एचडी देवगौड़ा ने कैंट में की थी सभा वर्ष 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा सरयू रेलवे ओवरब्रिज का शिलान्यास करने आए थे। उन्होंने कैंट में सभा की थी, लेकिन रामलला का दर्शन नहीं किया था ।बतौर पीएम अटल बध्हिारी वाजपेयी भी दो बार आए ।दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी बतौर प्रधानमंत्री रहते यहां दो बार आए थे ।वर्ष 2002 में मंदिर आंदोलन के शलाका पुरुष रामचंद्रदास परमहंस के साकेतवास पर व वर्ष 2004 में उन्होंने हवाई अड्डे पर चुनावी सभा को संबोधित किया था। दोनों ही अवसरों पर उन्होंने कहा था कि परमहंस जी का सपना अवश्य पूरा होगा, लेकिन प्रधानमंत्री रहते उन्होंने रामलला और बजरंगबली का दर्शन–पूजन नहीं किया था ।वही अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 अक्टूबर को एक बार रामनगरी के सबसे बड़े और भव्य–दिव्य दीपोत्सव में सम्मिलित होंगे।



# मंडल स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद में मंडल स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय डॉ बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सभागार में किया गया। अयोध्या मंडल के पांच जनपद अमेठी, अम्बेडकर नगर, बाराबंकी, सुल्तानपुर व अयोध्या के विजेता प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अरविंद कुमार जैन जी संयुक्त विकास आयुक्त, अयोध्या मंडल ने भगवान धन्वंतरि एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्री आर. पी. सिंह जी –परियोजना निदेशक, अयोध्या मंचासीन रहे। गणमान्य अतिथियों में श्री मनोज श्रीवास्तव जी, मनोनीत पार्षद नगर निगम, अयोध्या, डॉ उपेन्द्र सिंह तोमर, प्राचार्य राजकीय डॉ बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, अयोध्या, डॉ संगीता भाटिया मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अयोध्या मंडल, जिला होमियोपैथिक अधिकारी डॉ घनश्याम चौधरी व डॉ माधुरी गौतम उपस्थित रहे। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, अयोध्या डॉ बृजनंदन श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने सभी अतिथियों का स्वागत किया, कार्यक्रम का संचालन डॉ अर्पण दवे व डॉ लक्ष्मी अग्निहोत्री ने किया, इस प्रतियोगिता के प्रथम विजेता एस. एस. वी. इंटर कॉलेज अयोध्या के नीलेश तिवारी रहे जिन्हें 11000 रुपये का इनाम मिला। द्वितीय स्थान सूर्या एकेडमी पब्लिक स्कूल, सुल्तानपुर की आर्या मौर्या ने प्राप्त कर 5100 रुपये का पुरस्कार जीता। तृतीय स्थान पर रेडिएंट सेन्ट्रल एकेडमी अम्बेडकर नगर की सिद्धि श्रीवास्तव रहीं जिन्हें 2100 रूपये पुरस्कार मिला। 1100 रूपये का सांत्वना पुरस्कार मिला शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अयोध्या के राजकर्ष पाण्डेय व सनबीम स्कूल सुल्तानपुर की राशि त्रिपाठी को होगा, वही पुरस्कार प्राप्त प्रतिभागी अब 21 अक्टूबर 2022 को प्रदेश स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आयोजन में डॉ राहुल कुमार सिंह (नोडल अधिकारी) ने हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम के बारे में बताया एवं आयुर्वेद के प्रचार प्रसार के लिए व्यवहारिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के निर्णायक मण्डल में डॉ राज कपूर, डॉ शरद कुमार व डॉ मिथलेश वर्मा ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। इस अवसर पर डॉ सत्येंद्र कुमार, डॉ उमा देवी, डॉ राम शरण, डॉ हर्ष कुमार मिश्र, डॉ अशफाक अहमद सहित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीसीएस में चयनित होकर बढ़ाया अपने क्षेत्र एवं जिले का मान



अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या जनपद के विकासखंड तारुन क्षेत्र में ग्रामसभा चरावां के अरुण कुमार मौर्य के पुत्र आनंद कुमार मौर्य ने पीसीएस परीक्षा 2021 बैच उत्तीर्ण कर अपने ग्राम सभा क्षेत्र ब्लॉक तहसील एवं जिले का मान बढ़ाया ।वहीं पर आनंद कुमार मौर्य का जीवन काफी संघर्ष में रहा उनके छोटे भाई अमित कुमार मौर्य कोटेदार एवं पिता अरुण कुमार मौर्य खेती किसानी कर बच्चों की पढ़ाई लिखाई के लिए तन मन धन से समर्पित रहे। परंतु वे किसी भी प्रकार की कमी बच्चों को नहीं होने दिए ।भले ही खुद कष्ट से जीवन व्यतीत किये ।आज उसी का नतीजा है कि इस होनहार बच्चे ने अपने माता–पिता भाई बंधुओं के साथ पूरे जिले का मान बढ़ाया पूरे क्षेत्र एवं ब्लॉक एवं जिले में खुशी का माहौल है ऐसे होनहार बच्चों से सभी बच्चों को सीख लेना चाहिए कि बिना संघर्ष के मंजिल नहीं मिलती ।आज इसका जीता जागता उदाहरण आनंद कुमार मौर्य हैं 34 साल की उम्र में ही पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण करके नव युवकों के लिए उदाहरण बने ।सबसे बड़ी खुशी आज के दिन आनंद कुमार के अनुज अमित कुमार मौर्य जी को है जो फोन के माध्यम से संपर्क कर खुशियां बांटने से नहीं चूक रहे हैं उन्होंने बताया कि आज जो खुशी हमें मिली है हमारे लिए इससे बड़ी खुशी और कोई नहीं हो सकती।

# प्लेटफार्म निर्माण में पीली ईट घटिया मसाला लगाकर ठेकेदार उड़ा रहा मानक की धज्जियां

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) फैजाबाद लखनऊ रेल प्रखंड पर बाराबंकी जंक्शन से जौनपुर जंक्शन तक ट्रैक के दोहरीकरण के साथ–साथ एक व दो नंबर रेलवे प्लेटफार्म का भी निर्माण हो रहा है। बड़ागांव रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म की दिवाल के निर्माण में ठेकेदार द्वारा मानक के विपरीत निर्माण करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसका बिरोध कमलेश सिंह, विक्रांत गोस्वामी,सहित एक दर्जन ग्रामीणों ने मंगलवार दोपहर काम को रुकवाया और सीनियर सेक्शन इंजीनियर से शिकायत कर मौके पर आकर मानक की जांच करने की मांग पर अड़े रहे। ग्रामीण कमलेश सिंह विक्रांत गोस्वामी,चंद्रभान वर्मा,साहबे आलम का आरोप है बड़ागांव रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक व दो पर मौजूदा समय में निर्माण हो रहा है जिसके निर्माण में दस एक का सूखा मसाला,घटिया ईट, वह मसाले के निर्माण में बरसात का पानी,का उपयोग कर मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है। कहा अगर मानक ठीक नहीं किया गया मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से भी की जाएगी। सूचना पर मौके पर पहुंचे सीनियर सेक्शन इंजीनियर संजय सिंह ने बताया निर्माण के लिए मिले चार्ट के अनुसार ही निर्माण कराया जा रहा है जो गलती लेबरो ने की उसको ठीक कराकर फिर से निर्माण शुरू किया गया है।

# जीआरपी पुलिस ने वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जीआरपी पुलिस ने चोरी लूट व जहर खुरानी के मामले में फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा ।पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ पूजा यादव के निर्देश में ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर चोरी लूटध्जहर



खुरानी की घटनाओं की रोकथाम व इनामिया/वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे संजीव कुमार सिन्हा के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी जीआरपी अयोध्या कैन्ट धर्मेंद्र सिंह द्वारा गठित टीम ने बुधवार को एक शातिर चोर कृष्णा कुमार उर्फ छोटू पुत्र भरत लाल निवासी काली का पुरवा खिरौनी थाना रौनाही जिला अयोध्या उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।इस संबंध मे कैंट रेलवे स्टेशन थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त आरोपी को बुधवार को 09.20 बजे सुबह रेलवे स्टेशन सोहावल पश्चिमी छोर आउटर लखनऊ की तरफ से गिरफ्तार किया गया ।उस आरोपी के पास से चोरी का एक मोबाइल बरामद किया ।पूछ–ताछ में आरोपी कृष्णा कुमार उर्फ छोटू उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र भरत लाल उपरोक्त से पूछताछ किया गया तो बताया कि आज से करीब एक से 2 महीने पहले मैने ट्रेन पैसेन्जर जो लखनऊ से अयोध्या जी रही थी ट्रेन सोहावल पर खड़ी थी उसी ट्रेन से मैने एक व्यक्ति का मोबाइल चुराया था ।इस आरोपी को गिरफ्तार करने में जीआरपी थाना प्रभारी अयोध्या कैंट धर्मेन्द्र सिंह के अलावा उप निरीक्षक सुदामा सिंह यादव थाना जीआरपी अयोध्या कैन्ट शामिल रहे।

# पूर्व रक्षा मंत्री तथा पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव का जगह जगह दिव्यांग सपा नेता ने आयोजित की श्रद्धांजलि कार्यक्रम

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पूर्व रक्षा मंत्री तथा पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी का जगह जगह दिव्यांग सपा नेता पंडित समरजीत ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा बासुदेवपुर में खेत में किसानों के बीच श्रद्धांजलि सभा का किसानों के बीच नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई। पंडित समरजीत ने कहा––जनपद के पांचों विधानसभाओं में जगह जगह नेताजी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करके माननीय स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी के व्यक्तित्व और कृतित्व तथा संघर्षों को लोगों के बीच बताने का काम कर रहे हैं। हमारे नेता जी सदैव गरीबों, पिछड़ों तथा दलितों के लिए सदैव संघर्ष करके उनको उनका हक दिलाने का काम किए हैं। आज हम सब मिलकर यह प्रतिज्ञा लेते हैं कि जैसे हम सपा कार्यकर्ता माननीय स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने का काम किए हैं आज वैसे ही सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश भैया के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ देंगे और नेताजी के अधूरे सपने को पूरा करेंगे, यही हमारे नेता जी की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## तीन भ्रष्टाचारी ग्राम प्रधानों और सचिवों पर घोटाले की पुष्टि : नोटिस जारी

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या मंडल अयोध्या के सुलतानपुरद्ध जिले में तीन ग्राम पंचायतों में शौचालय निर्माण, हैण्डपम्प रिबोर, खेत समतलीकरण, सड़क निर्माण के नाम पर 24 लाख रुपए का गबन का मामला प्रकाश में आया है ।जिस पर जिला मजिस्ट्रेट ने जांच रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए ग्राम प्रधानों को नोटिस जारी की है ।वही दर्जनों ग्राम पंचायतों की पत्रावलियों की जांच प्रगति पर है। डीपीआरओ आर के भारती की कार्यवाही से भ्रष्टाचारी ग्राम प्रधानों और सचिवों में हड़कंप मचा हुआ है। सुल्तानपुर जिले में विकास खण्ड कुड़वार की ग्राम पंचायत अगई में विकास कार्य में अनियमितता की शिकायत पर डीपीआरओ आरके भारती ने मामले की जांच की। इस जांच में दिव्यांग शौचालय निर्माण , हैण्डपम्प रिबोर, नाली निर्माण के कार्य में सरकारी धन का दुरुपयोग करने का मामला प्रकाश में आया है। विभिन्न कार्यों के नाम पर एक लाख 55 हजार 420 रुपए का दुरुपयोग करने के आरोप में जिलाधिकारी ने प्रधान मंजू मिश्रा को नोटिस जारी की है ।वही विकास खण्ड करौंदीकला की ग्राम पंचायत काशीपुर की जांच में मनरेगा योजना से खेत में समतलीकरण, राज्य वित्तध्केन्द्रीय वित्त के तहत हुए कई कार्यों में अनियमितता पाई गई है। डीपीआरओ की ओर से विभिन्नि कार्यों में 13 लाख आठ हजार 707 रुपए का दुरुपयोग करने के आरोप में प्रधान शहीदा बेगम को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है ।इसी तरह विकास खण्ड धनपतगंज की ग्राम पंचायत बहादुरपुर में मनरेगा व राज्य वित्त से कराए गए कई कार्यों में अनियमितता की शिकायत पर डीपीआरओ की ओर से मामले की जांच की गई। जांच में गांव में विभन्नि कार्यो में नौ लाख 76 हजार 775 रुपए का दुरुपयोग करने का मामला प्रकाश में आया। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ आरके भारती की जांच रिपोर्ट पर प्रधान अनीता को कारण बताओ नोटिस जारी की है ।तत्कालीन सचिव बलिराम गौड़ को भी नोटिस दी गई है ।विकास खण्ड धनपतगंज की ग्राम पंचायत बहादुरपुर में मनरेगा व राज्य वित्त से कराए गए कई कार्यों में अनियमितता की शिकायत पर डीपीआरओ की ओर से मामले की जांच की गई। जांच में गांव में विभिन्न कार्यो में नौ लाख 76 हजार 775 रुपए का दुरुपयोग करने का मामला प्रकाश में आया। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ आरके भारती की जांच रिपोर्ट पर प्रधान अनीता को कारण बताओ नोटिस जारी की है। तत्कालीन सचिव बलिराम गौड़ को भी नोटिस दी गई है।

# दर्शन नगर कस्बे में हर्षोल्लास से मनाया गया प्रभु श्री रामचंद्र जी का राज–तिलक

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) दर्शन नगर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी का रामलीला के रावण वध के उपरांत हर्षोल्लास से राज तिलक 18अक्टूबर 2022 को दर्शन नगर प्रभु श्री रामचंद्र जी का राजतिलक धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि महन्त राजू दास राजू दास जी ने अपने अपने मुख से कहा है कि प्रभु श्री राम जी का अस्तित्व अयोध्या में नहीं बल्कि पूरे वर्ल्ड में और प्रभु श्री रामचंद्र जी सभी के दिलों में बसे हुए हैं और हम लोग राजतिलक ऐसे ही मनाते रहेंगे। पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय कौशल अपने मुख से रामलीला का मंचन प्रभु श्री राम जी का राजतिलक के दौरान व्यापारियों का स्वागत व अभिनंदन करते हुए कहा प्रभु श्री राम जी के अयोध्या क्षेत्र के दर्शन नगर बाजार सुरक्षित रहे और किसी की बुरी नजर ना लगे प्रभु श्री रामचंद्र जी हमारे आराध्य हैं। इसी दौरान मंच पर स्वागत अभिनंदन करते हुए गणेश पूजा समिति, दुर्गा पूजा समिति , रामलीला समिति साकेत ,भंडारा समिति का माला और रामनवमी का शाल ओढ़ाकर स्वागत और अभिनंदन किया गया। रामलीला सदस्य, आशीष गुप्ता दीपक गुप्ता योगी ,राजू गुप्ता, , प्रिंस गुप्ता, सोनू गुप्ता, सोनू गुप्ता ,अंशु गुप्ता, भगवती रसिया, संजय कौशल ,रविंद्र सोनी, बजरंग लाल गुप्ता ,राज कुमार मोदनवाल, रामदेव गुप्ता ,अंकित गुप्ता ,हौसला गुप्ता ,विवेक सिंह, विनीत सिंह ,अमित सिंह ,रमेश गुप्ता दीपू गुप्ता अंकुर गुप्ता निर्मल,गुप्ता( कल्लू) राम प्रकाश गुप्ता, राम प्रकाश गुप्ता , ध्रुव लाल गुप्ता, मुन्ना मुंशी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मवई पुलिस ने दुष्कर्म मामले में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या जिले में मवई पुलिस ने दुष्कर्म मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इस संबंध मे मवई थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज सिंह ने बताया कि के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त मिठाई लाल पुत्र जगदीश रावत निवासी ग्राम बरतरा थाना मवई जनपद अयोध्या को बुधवार को बरतरा नहर पुलिया बहद ग्राम बरतरा, थाना–मवई,जनपद–अयोध्या से गिरफ्तार किया गया। इस आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीमद्द में उप निरीक्षक गुलाम रसूल, थाना मवई व सौरभ यादव,थाना–मवई शामिल रहे।

# सीएम पीएम की मौजूदगी में दीपोत्सव पर करेंगे हनुमान चालिसा के नए संस्करण का विमोचन

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सीएम योगी आदित्यनाथ 23 अक्टूबर को दीपोत्सव पर्व पर अयोध्या आएंगे ।इस दौरान वह हनुमान चालीसा के नए संस्करण का पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में शुभारंभ करेंगे ।इसे पार्श्व गायक और पद्मश्री से सम्मानित सोनू निगम ने स्वर दिया है। यह जानकारी बुधवार को जारी किए गए है ।सीएम योगी 23 अक्टूबर को हनुमान चालिसा के नए संस्करण का शुभारंभ करेंगे ।श्री हनुमान चालीसा का यह नया गीत मधिर, सुखदायतक और भव्य है ।इस दौरान सोनू निगम अयोध्या में श्रोताओं को अपनी गायिकी से मंत्रमुग्ध करेंगे। बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी रविवार को अयोध्या में दीपोत्सव समारोह में शामिल होंगे ।वहीं देश–विदेश के कलाकार देंगे प्रस्तुति, इस बार अयोध्या में करीब 17 लाख मिट्टी के दीये जलाएं जाएंगे ।जिसमें गाय के गोबर से बने 1 लाख 25 हजार से ज्यादा दीये अयोध्या को रोशन कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे। दीपोत्सव कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए देश–विदेश के कालकार अपनी प्रस्तुति देंगे ।पीएम के आगमन से पहले सीएम ने अयोध्या का लिया जायजा ।छोटी दिवाली के दिन पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले सीएम योगी आदित्यनाथ अयोध्या जाकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया ।इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश भी दिया।

# दीपोत्सव हेतु दीपों की संख्या के साथ घाट समन्वयकों को कराया गया दायित्वों से अवगत

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा रामनगरी अयोध्या में दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए सभी घाटों के दीपों की संख्या के निर्धारण के साथ घाट समन्वयकों व स्वयंसेवकों को नियुक्त किया जा चुका था। इसी क्रम में उनकों दायित्वों से अवगत कराते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह के दिशा–निर्देशन में दीपोत्सव नोडल अधिकारी व विवि सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने इसे अंतिम रूप दिया। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उत्तर प्रदेश शासन के 15 लाख दिए गए जलाने के लक्ष्य के सापेक्ष 17 लाख दीए राम की पैड़ी पर बिछाये व जलाये जायेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय आवासीय परिसर, सम्बद्ध महाविद्यालयों व स्वयंसेवी सस्थाओं के लगभग 22 हजार वालंटियर्स लगाये गये है। सभी दीए घाट समन्वयकों की निगरानी में जलाये जायेंगे। इस संबंध में दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 सिंह ने सभी घाटों पर दीपों की संख्या के साथ स्वयंसेवकों का निर्धारण कर दिया है। घाट संख्या एक पर 67500 दीपों के सापेक्ष 974 स्वयंसेवक दीप जलायेंगे। घाट दो पर 35200 दीपों के लिए 559 स्वयंसेवक, घाट तीन पर 48500 के लिए 624 स्वयंसेवक, घाट चार पर 56500 दीपों के लिए 739 स्वयंसेवक, घाट पांच पर 23000 के सापेक्ष 323 स्वयंसेवक, घाट छ पर 28500 दीप हेतु 308 स्वयंसेवक, घाट सात पर 63700 के सापेक्ष 804 स्वयंसेवक वहीं घाट आठ पर 69600 दीपकों के लिए 743 स्वयंसेवक, घाट नौ पर 78200 के लिए 840 स्वयंसेवक, घाट दस पर 85500 के सापेक्ष 840 स्वयंसेवक, घाट ग्यारह पर 75500 के लिए 752 स्वयंसेवक, घाट बारह पर 95000 के सापेक्ष 782 स्वयंसेवक, घाट तेरह पर 33300 के सापेक्ष 356 स्वयंसेवक, घाट चौदह पर 42900 दीप हेतु 481 स्वयंसेवक, घाट पंद्रह पर 44800 के लिए 500 स्वयंसेवक, घाट सोलह पर 20000 के सापेक्ष 250 स्वयंसेवक, घाट सत्रह पर 50400 के लिए 593 स्वयंसेवक, घाट अठारह पर 52000 के सापेक्ष 550 स्वयंसेवक, घाट उन्नीस पर 22500 के सापेक्ष 350 स्वयंसेवक, घाट बीस पर 22200 के सापेक्ष 600 स्वयंसेवक, घाट इक्कीस पर 6000 हेतु 102 स्वयंसेवक, घाट बाइस पर 6000 के सापेक्ष 75 स्वयंसेवक, घाट तेइस पर 6700 के लिए 149 स्वयंसेवक, घाट चौबीस पर 8500 के सापेक्ष 101 स्वयंसेवक, घाट पच्चीस पर 16600 के सापेक्ष 300 स्वयंसेवक, घाट छब्बीस पर 16000 दिए हेतु 183 स्वयंसेवक, घाट सताईस पर 14000 के लिए 212 स्वयंसेवक, घाट अठाईस पर 50000 के सापेक्ष 675 स्वयंसेवक, घाट उन्तीस पर 50000 के सापेक्ष 663 स्वयंसेवक, घाट तीस पर 32000 के लिए 400 स्वयंसेवक, घाट इक्तीस पर 18000 के लिए 400 स्वयंसेवक, घाट बत्तीस पर 18200 के सापेक्ष 400 स्वयंसेवक, घाट तैतीस पर 15000 के लिए 176 स्वयंसेवक, घाट चौतीस पर 16000 के सापेक्ष 329 स्वयंसेवक, घाट पैतीस पर 12000 के लिए 294 स्वयंसेवक, घाट छत्तीस पर 160000 के सापेक्ष 2019 स्वयंसेवक, घाट सैतीस पर 230000 दीयों के लिए 2225 स्वयंसेवक तथा घाट के कैनाल के दोनों ओर 15000 दीए बिछाने के लिए 101 स्वयंसेवक नियुक्त किए गए है। दीपोत्सव नोडल अधिकारी ने बताया कि 23 अक्टूबर को होने वाले दीपोत्सव की तैयारियां पूरी की जा चुकी है। 20 तारीख से घाटों पर दीए रखने का कार्य शुरू हो जायेगा। 21 से 22 अक्टूबर तक सभी घाटों पर दीए बिछाने का कार्य पूर्ण हो जायेगा। घाट समन्वयकों को उनके आवंटित दायित्वों से अवगत करा दिया गया है। इस बार के दीपोत्सव को लेकर स्वयंसेवक काफी उत्साहित है और पूरी सतर्कता के साथ दीप प्रज्ज्वलित करेंगे।

# चंदवक पुलिस ने चोरी की दो बाइक गांजा व अन्य सामानों संग तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुरखा नहर पुलिया के पास से दो चोरी की बाइक, एक किलों दो सौ बीस ग्राम गांजा व चोरी के अन्य सामानों संग तीन अभियुक्तों को जो एक ही गांव के है को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। चंदवक थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह एसआई जितेन्द्र बहादुर सिंह व हमराहियों संग गश्त कर रहे थे कि बतौर मुखबिर सूचना मिली कि क्षेत्र के मुरखा नहर पुलिया के पास चोरी की बाइक संग तीन चोर वारदात को अंजाम देने के लिए खड़े हैं ।पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों को दबोच लिया ।तलाशी में दो चोरी की बाइक, एक किलों दो सौ बीस ग्राम गांजा व चोरी के अन्य सामान बरामद हुआ ।पूछताछ में अपना नाम करन राजभर पुत्र राम भवन,विशाल राजभर पुत्र बेचू व सनोज राजभर पुत्र वंशराज निवासी सतमेसरा बताया ।पुलिस ने तीनों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# श्री रामजन्मभूमि के मुख्य पुजारी सत्येन्द्र दास ने भेंट की धर्म ध्वज और विजय पताका

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) श्री रामजन्मभूमि के मुख्य पुजारी सत्येन्द्र दास से उनके निवास सत्यधाम मन्दिर पहुंचकर धर्म ध्वज और विजय पताका भेंट की जो दीपोत्सव महापर्व मे धर्म नगरी अयोध्या आ रहे प्रधानमंत्री नरेंदर दामोदर दास मोदी को श्रीराम लला के दरबार में पहुंचने पर दर्शन पूजन के बाद भेंट की जाएगी ।जानकारी देते हुए रामादल अध्यक्ष पण्डित कल्कि राम ने बताया कि वर्ष 2014से ही मुख्य पुजारी के सहयोग से श्रीराम जन्म भूमि के मुख्य गर्भ गृह स्थल पर मोदीजी के निमित्त धर्म ध्वज और विजय पताका फहराया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ राम की पैड़ी पर मोदीजी के निमित्त बीते 8वर्षों से चल रहे धार्मिक महानुष्ठान को निर्विघ्न सम्पन्न करने के उद्देश्य से बनवाई गई यज्ञशाला पर यज्ञाहुति का कर्म भी संचालित है ।वर्तमान में मोदीजी के निमित्त एक वर्षीय गुप्त महानुष्ठान किया जा रहा है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।